भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
27.11.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1555 का उत्तर

जशपुर में नई रेल लाइन

1555. श्रीमती गोमती सायः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जशपुर जिले में रेल सेवाएं आरंभ करने हेतु कोई सर्वेक्षण किया गया है;
(ख) यदि हां, तो किन स्थानों के बीच उक्त सर्वेक्षण किया गया है;
(ग) क्या उक्त रेल लाइन को बजट में शामिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या उक्त रेल लाइन परियोजना आरंभ नहीं होने की संभावना है; और
(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ड.): जी हां। गुमला के रास्ते लोहरदगा से कोरबा तक नई रेलवे लाइन के सर्वेक्षण को 2010-11 में पूरा कर लिया गया था। परियोजना को वित्तीय दृष्टि से अव्यवहार्य पाया गया था और इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका। बहरहाल, लोहरदगा से कोरबा तक एक नए सर्वेक्षण को स्वीकृति दे दी गई है। सर्वेक्षण शुरू हो गया है और सर्वेक्षण रिपोर्ट के प्राप्त होने तथा इसके परिणाम सामने आने के बाद ही इस प्रस्ताव पर आगे विचार करना संभव हो पाएगा।

सीतापुर, बटौली, पथालगांव और कोरबा के रास्ते अंबिकापुर से झारसुगुड़ा तक नई रेलवे लाइन के लिए एक और सर्वेक्षण किया गया था। परियोजना को वित्तीय दृष्टि से व्यवहार्य नहीं पाया गया था और इसलिए, इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

****